आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार
दिनांकः 26.01.2025 समय : 18.30 पीएम

- 76वां गणतंत्र दिवस समारोह देशभर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया–राज्य स्तरीय समारोह उयदपुर में आयोजित हुआ–राज्यपाल ने युवाओं से आपणो राजस्थान को अग्रणी बनाने की अपील की।
- राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में उत्कृष्ट कार्य के लिए 17 पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया गया।
- गणतंत्र दिवस की संध्या पर आज राजभवन में एट होम कार्यक्रम रखा गया–राज्यपाल और मुख्यमंत्री सहित मंत्रिमंडल के सदस्यों ने भाग लिया।
- खाद्य सुरक्षा योजना के तहत नए नाम जुड़वाने के लिए आज से पोर्टल पर आवेदन की शुरूआत हुई।

000

76वां गणतंत्र दिवस आज देशभर में हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। आज ही के दिन वर्ष 1950 में भारतीय संविधान लागू हुआ था। यह दिन हमें संविधान में निहित मूल्यों का पालन करने की याद दिलाता है, ताकि सभी के लिए न्याय, समानता और सम्मान सुनिश्चित हो सके। नई दिल्ली में कर्तव्य–पथ पर आयोजित राष्ट्रीय समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और परेड की सलामी ली।

इससे पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रीय समर स्मारक पर शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित की। गणतंत्र दिवस समारोह में इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबिआंतो मुख्य अतिथि रहे।

परेड में देश की सभ्यता, संस्कृति और वैज्ञानिक प्रगति को दर्शाने वाली झांकियां प्रस्तुत की गईं। इनमें टी–90 टैंक, नाग मिसाइल प्रणाली, ब्रह्मोस, पिनाका रॉकेट सिस्टम, अग्निबाण रॉकेट लॉन्चर, आकाश शस्त्र प्रणाली और हल्के वाहन बजरंग का प्रदर्शन किया गया। स्वर्णिम भारत, विरासत और विकास की थीम पर परेड में झांकियां निकाली गईं। समारोह में सेना के तीनों अंगों के साथ ही अर्ध सैनिक बलों, एनसीसी और एनएसएस की टुकड़ियों ने मार्च पास्ट किया।

इस वर्ष की परेड में सरपंच, हथकरघा और हस्तशिल्प कारीगर, स्वयं–सहायता समूहों के सदस्य, आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तथा सड़क निर्माण से जुड़े कामगारों सहित 10 हजार विशिष्ट अतिथि आमंत्रित किये गए थे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज के गणतंत्र दिवस परेड को देश की विविधता में एकता का जीवंत प्रदर्शन बताया है। श्री मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि परेड में सांस्कृतिक विरासत और सैन्य कौशल का प्रदर्शन तथा जीवंत झांकियां राज्यों की समृद्ध परम्पराओं का प्रतिनिधित्व करती हैं। प्रदेशभर में भी गणतंत्र दिवस परम्परागत उल्लास और उमंग के साथ मनाया गया। जिलों में प्रभारी मंत्री और जिला कलेक्टरों ने राष्ट्र ध्वज फहराया और तिरंगे को सलामी दी।

राज्य स्तरीय समारोह उदयपुर के महाराणा भूपाल स्टेडियम में आयोजित हुआ, जहां राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने राष्ट्र ध्वज फहराया और मार्च पास्ट की सलामी ली। इस मौके पर राज्यपाल ने कहा कि राष्ट्र और प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए हर नागरिक को अपनी जिम्मेदारी समझनी चाहिए। उन्होंने युवाओं से आपणो राजस्थान को अग्रणी बनाने की अपील की।

................

हमारे संवाददाता ने बताया कि समारोह में उत्कृष्ट कार्य के लिए 17 पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया गया। इनमें अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक सचिन मित्तल और एस. सेंगाथीर को राष्ट्रपति पुलिस पदक से नवाज़ा गया है। वहीं 15 पुलिसकर्मियों को पुलिस पदक दिया गया है।

.................
कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, राज्य सरकार के मंत्री, विधायक, प्रशासनिक अधिकारी और गणमान्य लोगों के साथ आमजन शामिल हुए। इधर, राज्य के सभी जिलों में भी गणतंत्र दिवस समारोह के जिला स्तरीय कार्यक्रम हुए।

राजधानी जयपुर में उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने चौगान स्टेडियम पर ध्वजा फहराकर परेड की सलामी ली।

..............
विधानसभा परिसर में आयोजित कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेशवासियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए संविधान की गरिमा और आदर्शों को बनाए रखने पर बल दिया। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय में पार्टी प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड ने झंडा फहराया। इस मौके पर पूर्व मुंख्यमंत्री वसुंधरा राजे भी मौजूद रहीं। वहीं नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने जयपुर की बड़ी चौपड़ पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया।

उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचन्द्र बैरवा ने भरतपुर के पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित कार्यक्रम में ध्वज फहराया। डीग में गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम ने जिला स्तरीय समारोह में शिरकत कर परेड की सलामी ली। इस मौके पर वीरांगनाओं, शिक्षकों, सरकारी कार्मिकों और स्वयं सेवकों को उनके विशिष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। कोटा के महाराव उम्मेद सिंह स्टेडियम में शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने वाले 94 नागरिकों को सम्मानित किया गया। जोधपुर के श्री उम्मेद राजकीय स्टेडियम में संसदीय कार्यमंत्री जोगाराम पटेल ने ध्वजारोहण कर मार्च पास्ट की सलामी ली। पाली के बांगड स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय समारोह में कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने तिरंगा फहराया और परेड की सलामी ली। सीकर में नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने ध्वज फहराया।

सरहदी जिले जैसलमेर और बाडमेर की बीएसएफ चौकियों पर भी हर्षोल्लास के साथ राष्ट्र ध्वज फहराया गया। और ब्यौरा हमारे बाडमेर संवाददाता से—

..............
चित्तौडगढ के इंदिरा गांधी स्टेडियम में सहकारिता और नागरिक उड्डन राज्यमंत्री गौतम कुमार दक ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और परेड की सलामी ली। डूंगरपुर से हमारे संवाददाता ने बताया कि यहां गणतंत्र समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

संभाग मुख्यालयों के साथ—साथ नगर निगम, नगर परिषद, नगर पालिकाओं, पंचायत समितियों तथा ग्राम पंचायतों और सरकारी दफ्तरों में संबंधित अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने तिरंगा फहराया। विभिन्न संस्थाओं और संगठनों में भी गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाये जाने के समाचार है।

000

गणतंत्र दिवस की संध्या पर आज जयपुर में राजभवन में एट होम कार्यक्रम रखा गया। इसमें राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी मौजूद रहे। एट होम में उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी, सांसद घनश्याम तिवाड़ी तथा विभिन्न क्षेत्रों की विशिष्ट हस्तियां, अधिकारी और गणमान्य लोग शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्य सचिव सुधांश पंत, पुलिस महानिदेशक यू.आर. साहू, जनप्रतिनिधि, कुलपति, प्रशासन, पुलिस और सेना के वरिष्ठ अधिकारी, शिक्षाविद, न्यायाधिपतिगण, समाजसेवी, मीडिया के प्रतिनिधि और विशिष्टजन उपस्थित रहे। सभी ने राज्यपाल श्री बागडे से मुलाकात कर उन्हें गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं।

000

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने वर्ष 2025 के लिए 139 पद्म पुरस्कार देने की स्वीकृति दी है। इस सूची में सात पद्म विभूषण, 19 पद्म भूषण और 113 पद्म श्री पुरस्कार शामिल हैं। इनमें राजस्थान की तीन हस्तियां भी शामिल हैं। भजन और मांड गायकी के लिए बेगम बतूल, साहित्य और शिक्षा की श्रेणी में शीन काफ निज़ाम और शिक्षा के क्षेत्र में बैजनाथ महाराज को पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। आकाशवाणी से बातचीत में श्री निज़ाम ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह पुरस्कार लेखक को नहीं लेखन को मिल रहा है।

...................

000

खाद्य सुरक्षा योजना से जुड़ने के लिए लोगों का इंतज़ार अब खत्म हो गया है। आज से योजना के तहत नए नाम जुड़वाने के लिए पोर्टल पर आवेदन की शरूआत हो गई है। खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत वंचित पात्र लोग अपना नाम योजना में ऑनलाइन जुड़वा सकेंगे। इसके लिए इच्छुक व्यक्ति और परिवार खुद या ईमित्र के जरिए आवेदन कर सकते हैं।

000